**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत पोषण वाटिकायें लगाई

पन्तनगर। 27 मई 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 'अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाएं' के वैज्ञानिकों द्वारा भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत भीमताल ब्लॉक के चोपड़ा गाँव में 20 घरों में पोषण वाटिकायें लगाई गई। इसके साथ अन्य परिवारों को भी अपने घरों के आस–पास पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पोषण वाटिका में विभिन्न मौसमी सब्जियां जैसे भिंडी, लोबिया, धनियां, लौकी व तोरई के बीज लगाए गए। परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा लोगों को बताया गया कि अपने घर में पोषण वाटिका लगाने से न सिर्फ परिवार के लोगों को ताजी सब्जियां व फल मिलेंगें बल्कि इनके नियमित उपयोग से सदस्यों के पोषण स्तर में भी सुधार आएगा।

**निदेशक संचार**